संविधान राष्ट्र की रीढ : जिला कलक्टर

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि हमारा संविधान राष्ट्र की मजबूत रीढ है, जो हमारी विविध संस्कृतियों, भाषाओं और समुदायों को एकीकृत संघीय ढांचे में पिरोता है। वे भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) उदयपुर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, राजसमंद के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी 'भारत का 'गणतंत्रः एक सुनहरी यात्रा', वंदे मातरम के 150 वर्ष तथा भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर आधारित उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। हसीजा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा उपस्थित जनसमूह को संविधान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सुकन्या समृद्धि योजना के नए खाताधारकों को पासबुक भी वितरित की गई।

उद्घाटन सत्र में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें और अपने कर्तव्यों का पालन भी अवश्य करें।

केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) उदयपुर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, राजसमंद के सभागार में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक आर.एल. मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के उद्देश्यों तथा तीन दिवसीय कार्यक्रम की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, वंदे मातरम के 150 वर्षों की यात्रा तथा संविधान के 75 वर्षों की उपलब्धियों को आकर्षक मल्टीमीडिया स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी आमजन को देंगे। संविधान दिवस एवं वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं,

■ 'भारत का गणतंत्रः एक सुनहरी यात्रा' मल्टीमीडिया प्रदर्शनी शुरू, शपथ दिलाई

जिनमें स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजन ने भाग लिया। समापन पर विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पाली जिले से आई पंजीकृत दल लीलादेवी एंड पार्टी के कलाकारों ने प्रसिद्ध चरी नृत्य एवं भवई नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए मेरा भारत देश रहे एकजुट, यही संदेश देना है हम सबको का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक श्री पी. जीनगर, उद्यानिकी विभाग के उप-निदेशक श्री कल्प वर्मा, कृषि विभाग के सहायक निदेशक डॉ. गणपत, तथा महिला अधिकारिता विभाग की उप-निदेशक श्रीमती रश्मि कौशिक ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक नरेश कुमार ने किया तथा धन्यवाद-ज्ञापन रवि योगी ने प्रस्तुत किया।

प्रविष्टियां आमंत्रित

उदयपुर, (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर ने शिल्पग्राम और शिल्पग्राम उत्सव से जुड़े विषयों पर निःशुल्क फोटो प्रतियोगिता की घोषणा की है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि यह प्रतियोगिता शिल्पग्राम की कलात्मकता, लोक-सांस्कृतिक परिवेश और उत्सव की झलक को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। प्रतिभागी शिल्पग्राम, उसकी लोककला प्रस्तुतियों या शिल्पग्राम उत्सव पर आधारित तस्वीरें भेज सकेंगे। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी प्रतिभागी अपने मोबाइल, डीएसएलआर या ड्रोन से ली गई अधिकतम 5 एमबी आकार की दो तस्वीरें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से 5 दिसम्बर रात्रि 12 बजे तक भेज सकता है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है और किसी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं है। ईच्छुक प्रतिभागीटआईएनवाईयूआरएल.कॉम /शिल्पग्राम या फिर केन्द्र के फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज पर जाकर गूगल फॉर्म लिंक भर सकते है। जूरी द्वारा चयनित श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

कोटा ओपन विवि सहित हरियाणा व उत्तरप्रदेश ने जीते गोल्ड

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के दूसरे दिन बुधवार को एमबी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर स्टेडियम में आयोजित जूडो प्रतियोगिताओं में विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तकनीक और खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विभिन्न भार वर्गों में पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने अपने-अपने मुकाबलों में एक से बढ़कर एक दांवपेंच लगाकर दर्शकों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया।

सुबह 10 बजे से शुरू हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों की चुस्ती, तकनीक और संतुलन देखने लायक रहा। जूडो मैट पर हुए त्वरित मूवमेंट, काउंटर अटैक और टैकल की रणनीतियों ने निर्णायकों को भी प्रभावित किया। कई मैच अंतिम सेकंड तक रोमांच से भरे रहे, जहां मात्र एक पॉइंट के अंतर से जीत-हार तय हुई। स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि जूडो प्रतिस्पर्धाओं में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए सैंकड़ों प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे मुकाबले अत्यंत उच्च स्तर के हो रहे हैं। आयोजन प्रभारी अधिकारी एवं यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि जूडो की प्रतियोगिताओं का गुरुवार को अंतिम दिन है। बुधवार को बीच वॉलीबॉल में रेती बिछाने का कार्य पूर्ण होकर पोल एवं नेट लगा दी गई है तथा खेल मैदान पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत लेकसिटी को जुडो, बीच वॉलीबॉल एवं कायकिंग की मेजबानी मिली है। कायकिंग की प्रतिस्पर्धाएं फतहसागर में 2 दिसम्बर से आयोजित होगी। बुधवार को जुडो के पुरुष वर्ग में 73 किलोग्राम तथा 81 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले आयोजित हुए। इसमें 73 किलोग्राम वर्ग में कोटा ओपन यूनिवर्सिटी के नीरज नैन को स्वर्ण पदक, पीटीआरएस विवि के प्रियांशु नेताम को रजत पदक, सीसीएस यूनिवर्सिटी के अमित कुमार आईईएस यूनिवर्सिटी के विशाल जाट को कांस्य पदक मिला। 81 किलोग्राम भार वर्ग में एमजेपी विवि रोहिलखण्ड उत्तरप्रदेश के सचिन कुमार सिंह को स्वर्ण पदक जीएनडी यूनिवर्सिटी के नितिन को रजत पदक एसजेजेटी यूनिवर्सिटी के मनजीत तथा एमजीएसयू यूनिवर्सिटी के मुकेश तर्द को कांस्य पदक मिला।

मकान से जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। दिन दहाड़े सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवम्बर सवेरे पूंजानगर हिरणमगरी सेक्टर4 निवासी अंतरिक्ष काठेड पुत्र नरेश काठेड ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि सवेरे मैं व मेरा भाई अपनी रेडीमेंड दुकान पर गया था एवं मां नौकरी पर गई थी। इस दौरान आया चोर मकान का ताला तोड़ कर सोने की चेन, दो अंगुठियां एवं तीन लाख रूपये नकदी चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। प्रकरण की जांच एएसआई संठाामसिंह कर रहे है।

सोप स्टोन फैक्ट्री में महिला के सिर पर पत्थर गिरा, महिला श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। जिले के डबोक थाना क्षेत्र स्थित देव कृपा फैक्ट्री में सिर पर पत्थर गिरने से एक महिला श्रमिक की मौत हो गई।फैक्ट्री कर्मचारियों ने उसे निजी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया जहाँ से प्राथमिक इलाज के बाद सरकारी एमबी हॉस्पिटल रेफर किया गयाए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई ।परिजनों और ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए मुआवजे की मांग की। घटना डबोक थाना क्षेत्र स्थित देव कृपा फैक्ट्री की है।

मृतक के पति अशोक गमेती ने बताया कि हादसा फैक्ट्री के अंदर सुरक्षा

■ परिजनों ने प्रबंधन लगया लापरवाही का आरोप

कारणों की अनदेखी की कारण हुआ। घटना के बाद भी हॉस्पिटल में कोई सुध लेने नहीं आया।पत्नी को निजी हॉस्पिटल से सरकारी में रेफर कर दिया। उसकी हालत बिगडती गई और मौत हो गई। पति ने बताया कि उसके एक बेटी और 3 बेटे हैं।

अब उन्हें पालने की जिम्मेदारी उस पर आ गई है।बुधवार सुबह परिजन और स्थानीय ग्रामीण बडी संख्या में डबोक थाने पहुंच गए। वे घटना में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए मुआवजे की मांग पर अडे ।

डबोक थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि हादसे में 33 साल की महिला सोवनी बाई निवासी चंदेसरा की मौत हो गई। महिला का पति अशोक गमेती भी उसी फैक्ट्री में काम करता है।फैक्ट्री मालिक और मृतक के परिजनों के बीच मुआवजे को लेकर वार्ता चल रही है। परिजनों ने पुलिस को भी रिपोर्ट दी है। जिसके आधार पर जांच कर रहे हैं।

बच्चों ने चुनाव प्रक्रिया को जानी

कपासन, (निसं)। कपासन के राजकीय मॉडल स्कूल में बाल संसद चुनाव 2025 उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुए। इस चुनाव में तुषार व्यास को बाल संसद का प्रधानमंत्री चुन लिया गया, जिसके बाद पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

प्रधानाचार्य भेरुलाल वीरवाल ने बताया कि मंगलवार को आयोजित मतदान प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को मतदान पद्धित, पहचान पर्ची, गोपनीय मत और निष्पक्ष चुनाव जैसे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी भी दी गई, ताकि वे लोकतंत्र की मूल भावना को समझ सकें।

फिरोती नहीं देने पर शूटरों से उड़ाने की धमकी

उदयपुर, (कासं)। अवैध फिरोती नहीं देने पर एवं दर्ज प्रकरण नहीं उठाने पर पीडित को शूटरों से उडाने की धमकी देने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार पीडित सुरेश सेन पुत्र लोगर सेन निवासी तुलसीनगर मनोहरपुरा बडगांव ने दियों का वाड़ा निवासी करणसिंह पुत्र गोपसिंह, नरेश पुत्र हेमराज डांगी निवासी मानपुरा लखावली तथा सुरेश पुत्र किशनसिंह निवासी दियों का वाड़ा व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 21 नवंबर को कार में उप पंजियन कार्यालय बडगांव पर आए आरोपी व साथी अवैध रूप से डेढ करोड़ रूपये की मांग की तथा नहीं देने पर शूटरों से उटवाने की धमकी दी। इससे पूर्व गत दिनों आरोपी मुझे झाल फार्म हाउस पर ले गए जह। मुझे जेबीसीबी मशीन के आगे बांध कर 30 लाख रूपये अवैध रूप से फिरोती की मांग की नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त मामले में सुरेख पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.7/ |B.PLAN/MISC/2025-26/1889 **आम सूचना** दिनांकः 26/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन हैः-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम / योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री निखिल अग्रवाल पिता श्री राजेन्द्र अग्रवाल	मीरा नगर भुवाणा योजना	ब्लॉक-बी	276-सी	2259.60 वर्गफीट	मीरा नगर योजना की 80 फीट सडक पर एक्मे पैराडाईज कॉम्पलेक्स के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। **सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

श्रम कोड वापस लेने की मांग, विरोध प्रदर्शन किया

उदयपुर, (कासं)। अंग्रेजों ने भी देश के मजदूरों के संघर्ष और जीवन को ध्यान में रख उनके पक्ष के कानून बनाए लेकिन मौजूदा सरकार ने श्रम कानून में बदलाव कर श्रम कोड बना देश के मजदूरों के साथ विश्वासघात किया है जो हमें मंजूर नहीं।

यह विचार श्रमिक एवं किसान संगठनों की तरफ से केन्द्र सरकार द्वारा श्रम कानूनों को बदल श्रम कोड लागू करने और मजदूर, किसान विरोधी नीतियां अपनाने के विरोध में बुधवार को जिला कलेक्ट्री पर आयोजित सभा के दौरान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के मजदूरों का या तो रोजगार छीन रही है या उन पर काम के घंटे का इतना बोझ डाल रही है कि वे इंसान होने को ही भूल जाये। उन्होंने कहा कि जैसे देश के किसानों ने अपने आंदोलन से मोदी सरकार को काले कृषि कानून वापस लेने को मजबूर किया था वैसे ही मजदूर संघर्ष इन काले श्रम कोड को वापस लेने को मजबूर करेगा।

सभा में एक्टू के राज्य अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव कर यह साबित कर दिया है कि वह लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती है। उन्होंने कहा

■ देश के मजदूरों के साथ विश्वासघात मंजूर नहीं: पूर्वमंत्री श्रीमाली

कि देश के श्रमिक संगठन श्रम कानूनों और श्रमिकों की स्थिति के बारे में केन्द्र सरकार से बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे लेकिन यह पिछले 8 साल से यह बैठक नहीं बुलाई गई और संसद में यह कानून बिना चर्चा के लागू कर दिया गया।

सभा में सीटू जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कहा कि मोदी अपने शासनकाल को अमृतकाल कहते है, लेकिन वास्तव में अमृत सिर्फ पूंजीपतियों के हिस्से में आया है और देश की जनता के हिस्से में मात्र जहर। उन्होंने कहा कि मोदी जिस वर्ग के विकास की बाते करते है वास्तव में उनके जीवन को बर्बाद करने को तय कर देते है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में नीति की तो क्या बात की जावे इनकी तो नियत ही खराब है। सभा को एमसीपीआई की नीला शर्मा,इंटक के इन्दूशेखर व्यास, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव प्रभुलाल भगोरा, कर्मचारी संयुक्त महासंघ के लच्छीराम गुर्जर ने भी सम्बोधित किया।

छात्र अभिनंदन समारोह

उदयपुर, (कासं)। आरएनटी मेडिकल कॉलेज मेंनेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) उदयपुर एवं कॉलेज के 2024 बैच के छात्रों द्वारा नूतन विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह तथा कॉलेज के मुख्य पोर्च में भगवान धनवंतरी के चित्र एवं चरक शपथ पट्ट के अनावरण का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी रहे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन रहे। अध्यक्षता प्राचार्य विपिन माथुर ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. भुवनेश चम्पावत एवं डॉ. नरेंद्र जोशी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम् के गायन से हुआ।

इस दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री खराड़ी ने विद्यार्थियों को चरक शपथ के आदर्श अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी।

दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट टीचिंग कोर्स का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर का ऑर्थोपेडिक्स विभाग एवं बॉम्बे ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट टीचिंग कोर्स का आयोजन गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर में हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान के 72 पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों सहित देशभर से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

गीतांजली ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने बताया कि पोस्टग्रेजुएट टीचिंग में इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर करते रहेंगे ताकि भावी पीढी के चिकित्सक पूर्ण रूप से पारंगत हो आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सीखकर भविष्य में जरूरत पड़ने पर रोगियों को उपचार दे सके।गीतांजली हॉस्पिटल के वरिष्ठ ओर्थपेडीक सर्जन डॉ हरप्रीत सिंह व डॉ रामावतार सैनी ने

दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट टीचिंग कोर्स का आयोजन हुआ।

बताया कि ऑर्थोपेडिक्स से संबंधित विषयों परउपयोगी अकादमिक सत्र प्रस्तुत किए, जिनसे प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों और नवीन चिकित्सीय विधियों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी छात्रों के साथ विचार-विमर्श, केस डिस्कशन व्र इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/25/14904 **लोक - सूचना** दिनांकः 26.11.25

श्री मीठालाल पिता श्री नारायण लाल मेघवाल निवासी कुंचोली तहसील मावली जिला-उदयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द	निचली ओडन	1600/808	कुल रकबा 0.5059 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर पालिका , नाथद्वारा

MUNICIPAL COUNCIL, NIMBAHERA DIST.- CHITTAURGARH

S.No./MCN/Nirman/25-26/ 5313 Date 21.11.25

NOTICE INVITING BID

Short term Bids for different works Nit No. 27/2025-26 of Municipal Council Nimbahera are invited from interested bidders upto date 01-12-2025 on 11:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

UBN No. – DLB2526WSOB24994, DLB2526WSOB24995 DLB2526WSRC24996, DLB2526WSOB24997

Commissioner, Municipal Council Nimbahera

परीक्षार्थियों को दी जानकारी

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने जिले में प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले संस्थानों में विद्यार्थियों को श्रम कल्याण से जुड़ी सरकार की योजना से अवगत कराया। सहायक श्रम आयुक्त महेंद्रसिंहराठौ ने बताया कि गत 15 अक्टूबर को हुई बीओसीडब्ल्यू टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलक्टर ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना "निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित बच्चों द्वारा भारतीय/राजस्थान प्रशासनिक सेवा हेतु आयोजित प्रारम्भिक प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना" के संबंध में अभ्यर्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए थे। विभाग के श्रम निरीक्षाकों विभिन्न संस्थानों में जाकर योजना की जानकारी दी। पंजीकृत निर्माण श्रमिक और आश्रित बच्चों के भारतीय प्रशासनिक सेवा कीपरीक्षा उत्तीर्ण करने पर 1 लाख तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 5० हजार सहायता देय है।

MUNICIPAL COUNCIL, NIMBAHERA DIST.- CHITTAURGARH

NIB Ref. No. Store2025-26/5244 Date 18.11.25

NOTICE INVITING BID

Bids for different works municipal council, Nimbahera Invited from inserted binders for different work up to Date 1.12.2025 on 2 PM others, prticulars of the bid may be visted on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.

NIB No. – DLB2526WSOB24644, DLB2526WSOB24645, DLB2526WSOB24648 DLB2526WSOB24649DLB2526WSRC24650DLB2526WSRC24651

Commissioner, Municipal Council Nimbahera

भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। भारतीय संविधान दिवस पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में संविधान जानो विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि कहा कि भारतीय संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट की आत्मा और आधुनिक राष्ट निर्माण का आधार है। हम भाग्यशाली है कि हमारे पास सबसे मजबूत संविधान है, हमारा संविधान दूनिया का सबसे लम्बा हस्त लिखित संविधान है संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य अपने मौलिक अधिकारों के प्रति सजग करना है।संविधान दिवस हमें स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का अहसास दिलाने के साथ संविधान में लिखित हमारे मौलिक अधिकारों की याद दिलाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नव वर्ष में विद्यापीठ में भव्य संविधान कक्ष व संविधान पार्क के कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। यह एक नागरिक होने के नाते हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। संविधान किसी भी देश की रीढ़ होती है।

उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ में संविधान जानो विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि संविधान की जानकारी स्कूली शिक्षा से ही पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को दी जानी चाहिए। आमजन को संविधान में लिखित मूल अधिकारों को समझना होगा, ताकि लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ सके, इस देश में सभी नागरिकों के अधिकार समान है। ऐसे में हम अगर कुछ भी हासिल करना चाहते है, तो इसके लिए हमें देश के नागरिकों को शिक्षित व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होने कहा कि अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पूरी तरह से पालन करना होगा तभी देश उन्नति की राह पर अग्रसर होगा। आज देश में न्याय में देरी चिंता का विषय है इस ओर भी गंभीरता के साथ विचार करने की आज महती आवश्यकता है। संचालन एवं आभार अधिष्ठाता प्रो. सरोज गर्ग ने किया। इस अवसर पर प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. एसबी नागर, डॉ. हीना खान, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. विवेक भटनागर, डॉ. दिनेश श्रीमाली, डॉ. शिल्पा कंठालिया, डॉ. आशीष नंदवाना, डॉ. कुलशेखर व्यास, डॉ. सपना श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

कपड़ों का वितरण किया

कपासन, (निसं)। संकल्प यूथ ग्रुप द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए सर्दियों के कपड़ों की व्यवस्था की गई। चिकित्सकीय अधिकारी डॉ. सुग्रीव मीणा ने झुग्गी-झोपडी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को स्वेटर और मोज़े वितरित किए तथा उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. सुग्रीव मीणा संकल्प यूथ ग्रुप के साथ मिलकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं, जिससे समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को मजबूती मिल रही है।

आचार्य महाश्रमण के विहार में भावुक हुए भक्त

उदयपुर, (कासं)। झीलों की नगरी उदयपुर में आए आचार्य महाश्रमण ने बुधवार को उदयपुर शहर विहार किया। दोपहर में जैसे ही आचार्य का संतों के साथ विहार का समय हुआ, तब हजारों भक्त वहां पहुंच गए। आचार्य के साथ धवल वाहिनी ने भुवाणा स्थित महाप्रज्ञ विहार से अपने कदम आगे बढाए तो भक्तों ने महाश्रमण की जयकार से आसमान गूंजायमान कर दिया। इस दौरान जुटी जनमेदिनी आचार्य के विहार पर भावुक हो गई।

इससे पहले बुधवार को उदयपुर में महाप्रज्ञ ने दान पर अपनी बात रखी और सबसे बडा दान अभय दान बताते हुए विस्तार से उसके बारे में बताया।आचार्य अपनी धवल सेना के साथ दोपहर तीन बजे महाप्रज्ञ विहार किया। विहार में आचार्य के साथ कई भक्तों ने भी पैदल विहार किया। कुछ समय तक साथ चलते हुए आचार्य का जयकारा लगाया। आचार्य ने उदयपुर वासियों को मांगलिक श्रवण कराया और उदयपुर से राजसमंद की तरफ बढ गए।आचार्य उदयपुर शहर से निकल कर करीब 6 किलोमीटर की दूरी तय कर नाथद्वारा हाईवे पर सुखेर.अंबेरी स्थित तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमल नाहटा के प्रतिष्ठान पहुंचे। विहार के दौरान पूरे मार्ग में जगह.जगह जयकारों के साथ आचार्य का वंदन.अभिनन्दन किया गया। आचार्य रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह आगे चीरवा होकर नाथद्वारा की तरफ बढेगे।

कार्यालय पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांकः- प.स.ब/निविदा/25-26/1074 दिनांकः 25.11.25

हड्डी ठेका निलामी खुली बोली वर्ष 2025-26

पंचायत समिति बड़गांव में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु हड्डी ठेका के लिए खुली बोली दिनांक 1.12.2025 समय दोपहर 2.00 बजे होगी, जिसकी विस्तृत जानकारी SPPP.rajasthan.gov.in पर देखी एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

UBN NO. ZUD2526WSOB02814

प्रधान पंचायत समिति बड़गांव — विकास अधिकारी पंचायत समिति बड़गांव